फा.सं. पी-11015/1/2020-पीपीसी

भारत सरकार

सूचना प्रसारण मंत्रालय

(पॉलिसी प्लानिंग सेल)

नई दिल्ली, 21 मई, 2020

विषय: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अप्रैल 2020 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों के संबंध में मंत्रिमंडल हेतु सार - (सं.4)

अप्रैल 2020 माह हेतु इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/घटनाएं नीचे दी गई हैं:-

1. कोरोना वायरस वैश्विक महामारी (कोविड-19) के संबंध में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाई।

यह मंत्रालय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से कोविड-19 से संबद्ध विभिन्न मुद्दों के बारे में लोगों तक पहुंच बनाकर जागरूकता बढ़ाने हेतु कई सक्रिय उपाय कर रहा है और सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का समयबद्ध प्रसार कर रहा है। लोक प्रसारक - दूरदर्शन और आकाशवाणी लॉकडाउन के कारण विषम परिस्थितियों के बावजूद डीटीएच, स्थलीय और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से अनिवार्य/वीवीआईपी कार्यक्रमों, कवरेजों, कार्यक्रम निर्माण और वितरण सेवाओं का सुचारू तरीके प्रबंधन कर रहे हैं। मंत्रालय तथ्यपरक सटीक सूचना के त्वरित प्रसार हेतु सोशल मीडिया का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल कर रहा है और सूचना का व्यापक प्रसार करने के लिए नियमित रूप से प्राइवेट मीडिया प्लेटफार्मों (प्रिंट, प्राइवेट टेलीविजन चैनलों, प्राइवेट एफएम रेडियो चैनलों आदि) के साथ बात कर रहा है।

1.1 माननीय प्रधानमंत्री ने 3 और 14 अप्रैल, 2020 को राष्ट्र को संबोधित किया। दूरदर्शन और आकाशवाणी ने इन संबोधनों का सीधा प्रसारण किया। इसके आलावा, माननीय प्रधानमंत्री की 24.04.2020 को 'पंचायती राज दिवस' के अवसर पर पूरे राष्ट्र के सरपंचों के साथ वार्ता और 26.04.2020 को 'मन की बात' का दूरदर्शन और आकाशवाणी के संपूर्ण नेटवर्क पर प्रसारण किया गया।

1.2 माननीय प्रधानमत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुसरण में, गृह मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित समेकित दिशानिर्देशों सहित कोविड-19 के संकट से निपटने हेतु किए गए उपायों का

चार्टों, पोस्टरों, प्रदर्शनों और इंफोग्राफिक के माध्यम से सोशल मीडिया सहित सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर व्यापक प्रसार किया गया।

1.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) हर रोज नेशलन मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में अपराह्न 4:00 बजे **प्रेस वार्ता** आयोजित कर रहा है जिसमें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि मीडिया को जानकारी देते हैं और उनके प्रश्नों का उत्तर देते हैं। पत्र सूचना कार्यालय ने कोविड-19 से निपटने हेतु कार्रवाई योजना और किए गए उपायों पर 6 और 22 अप्रैल, 2020 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री प्रकाश जावडेकर की **प्रेस वार्ताएं** भी आयोजित कीं। दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा इनका व्यापक प्रसारण किया गया।

1.4 पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार के विभिन्न निर्णयों के संबंध में कोविड-19 पर **दैनिक बुलेटिन** और **प्रेस विज्ञप्ति** जारी कर रहा है। प्रसार हेतु इनका क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद भी किया जाता है। पत्र सूचना कार्यालय ने अप्रैल 2020 में अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में 9915 प्रेस विज्ञप्तियां अपलोड कीं। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समाचार पत्रों में माननीय रक्षा मंत्री; माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री; सीईओ, नीति आयोग और अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों के द्वारा कोविड-19 पर लेख प्रकाशित किए गए।

1.5 एक समर्पित ट्विटर हैंडल **@COVIDNewsByMIB (#IndiaFightsCorona)** से 1700 से अधिक मूल ट्वीट भेजे गए।

1.6 **दूरदर्शन समाचार और इसकी क्षेत्रीय समाचार यूनिटें (आरएनयू)** सभी न्यूज बुलेटिनों में अपने दर्शाकों हेतु कोविड-19 पर अद्यतन जानकारी के साथ **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचारों** तथा **विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों** का नियमित प्रसारण कर रही हैं। दूरदर्शन न्यूज नेटवर्क विभिन्न प्रोमों तथा गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार मंत्रालय तथा अन्य प्रमुख मंत्रालयों और संस्थानों द्वारा जारी एडवाइजरियों का भी प्रसारण किया। दूरदर्शन न्यूज ने कोरोना वायरस फैलने के बाद विशेष रूप से निम्निलिखित नए कार्यक्रम शुरू किए:

I. कोरोना पर नजर
II. ट्रैकिंग कोविड-19
III. डॉक्टर्स स्पीक
IV. इन फोकस (कोरोना वायरस से लड़ाई)
V. जान भी जहान भी
VI. किड्स टाइम

VII. श्री श्री रविशंकर द्वारा ध्यान सत्र

VIII. डॉ. रणदीप गुलेरिया, निदेशक, एम्स के साथ वार्ता

IX. प्रोफेसर विजय राघवन, प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के साथ वार्ता

X. चंद्रजीत बनर्जी, महानिदेशिक, सीआईआई के साथ वार्ता

XI. स्टसर स्पोर्ट - इंडिया फाइट्स कोरोना

XII. कोविड-19 पर सूचना

उपरोक्त के अलावा, दूरदर्शन न्यूज ने फैक्ट चेक, झूठे समाचारों की वास्तविकता, अच्छी/सकारात्मक न्यूज स्टोरी, विभिन्न सरकारी स्कीमों के लाभार्थियों पर विशेष समाचारों का प्रसारण किया। दूदर्शन समाचार ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष समाचार बुलेटिनों, सार्वजनिक सेवा उद्घाषणाओं (पीएसए), संस्कृत और उर्दू में समाचार बुलेटिनों, यूट्यूब पर न्यूज बुलेटिनों, आरोग्य सेतु ऐप आदि की उपयोगिता पर बुलेटिन का भी प्रसारण किया। कई क्षेत्रीय समाचार यूनिटों ने अपने लोकप्रिय बुलेटिनों की अवधि बढ़ाई है और अनेक केंद्रों में दर्शकों की संख्या बढ़ने की सूचना प्राप्त हुई है।

1.7 समाचार सेवा प्रभाग, आकाशवाणी (एनएसडी, एआईआर) और इसकी 46 आरएनयू **92 भाषाओं/बोलियों में कोविड-19 के संबंध में जागरूकता पैदा करने हेतु गहन कवरेज प्रदान कर रही है।** लोगों के प्रश्नों का उत्तर देने हेतु शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ लाइव फोन-इन, मिथ्या समाचारों की वास्तविकता, झूठे समाचारों के अलर्ट, सकारात्मक समाचारों, जमीनी रिपोर्टों, एडवाइजरियों, दिशानिर्देशो, स्टे होम-स्टे सेफ, नागरिक घर पर कैसे समय का प्रयोग कर रहे हैं, फेस कवर के प्रयोग और घर पर कैसे मास्क बनाएं पर जन विचार, आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने के लाभ, मशहूर हस्तियों के समर्थनकारी विज्ञापिनों, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरूओं के कथनों, अपील, उपयोगी/महत्वपूर्ण संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है।

1.8 **कोविड-19 पर फील्ड/क्षेत्रीय अभियान** - 148 फील्ड संपर्क ब्यूरो (एफओबी) और 23 क्षेत्रीय संपर्क ब्यूरो सहित लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) ने प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो तिथा विभिन्न अन्य माध्यमों के जरिए कोविड-19 संक्रमणों के लक्षणों और किए जाने वाले निवारक उपायो के बारे में लागों को जागरूक बनाने के लिए अपना जगरूकता अभियान जारी रखा। इस अभियान में सामाजिक दूरी, लॉकडाउन दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने, आरोग्य सेतु ऐप, भारत सरकार के विभिन्न निर्णय और पहल, झूठे समाचारों की वास्तविकता, झूठे समाचारों के अलर्ट, कोविड-19 से संबद्ध विशेषज्ञों की सलाह जैसे विषय शामिल थे। सोशल मीडिया अभियानों का ब्यौरा इस प्रकार है:

टेलीफोन से की गई कॉल की कुल संख्या	भेजे गए एसएमएस की कुल संख्या	फेसबुक पास्टों की कुल सं.	ट्वीट और रिट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ)	वाट्सऐप पर परिचालित पोस्टरों/ संदेशों/विडियो की कुल संख्या	इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या
42742	31884	46284	79933 (1959463)	155418	8587

1.19 भारत सरकार के प्रसारक, दूरदर्शन और आकाशवाणी पूरे देश में अपने क्षेत्रीय चैनलों के माध्यम से **वर्चुअल कक्षाओं** तथा अन्य शैक्षिक सामग्री का टीवी, रेडियो और यूट्यूब पर प्रसारण करके चालू लॉकडाउन में छात्रों को उनके **अध्ययनों में सहायता कर रहे हैं।** सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) ऑनलाइन कक्षाएं चला रहा है तथा अपने छात्रों को प्रैक्टिकल कार्य दे रहा है जो होम क्वारंटीन अवधि के दौरान किया जा सकता है। भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) ने ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की सुविधा हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय **स्वयं** पोर्टल के साथ समझौता किया है।

1.10 प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित **योजना का मई 2020 अंक "सार्वभौमिक स्वास्थ्य"** विषय को समर्पित है जिसमें कोविड-19 सहित विभिन्न मुद्दों पर विशेषज्ञों के लेख हैं। क्षेत्रीय भाषा के संस्करणों सहित प्रकाशन विभाग के योजना और अन्य जर्नलों की सॉफ्ट कॉपियां प्रकाशन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई जो नि:शुल्क हैं।

2. **भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल, 2020):** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 26.11.2019 से 26.11.2020 तक 'संविधान दिवस समारोह' और 'नागरिक कर्तव्य अभियान' के भाग के रूप में 14.04.2020 को डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती का स्मरणोत्सव मानाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया। इस अवसर के लिए पूरे देश में विभिन्न समाचार पत्रों में "मौलिक संवैधानिक कर्त्तव्यों का स्मरण करने का समय" शीर्षक से माननीय विधि और न्याय मंत्री का लेख प्रकाशित किया गया।

2.1 राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने पंचायती राज मंत्रालय के लिए मौलिक कर्तव्यों/नागरिक कर्तव्यों पर एक गीत तैयार किया है जिसे न्याय विभाग के साथ साझा भी किया गया।

2.2 प्रसार भारती अभिलेखागार ने अपने यूट्यूब चैनल पर 'भारत का संविधान - एक यात्रा' नाम से एक प्लेलिस्ट (21 ऑडियो/वीडियो का संग्रह) अपलोड किया है, जिसे MyGov प्लेटफार्म के माध्यम से लोकप्रिय बनाने हेतु न्याय विभाग के साथ साझा किया गया।

2.3 14.04.2020 को 'समता के पुरोधा: डॉ. बी.आर. अंबेडकर' और 'द मैन बिहाइंड द ब्लू सूट' शीर्षक से हिंदी और अंग्रेजी में आकाशवाणी पर एक रूपक और दूरदर्शन पर एक फीचर फिल्म का प्रसारण किया गया।

2.4 डॉ. बी.आर. अंबेडकर और भारत के संविधान के बारे में प्रकाशन प्रभाग के सोशल मीडिया पर विशेष अभियान आयोजित किया गया। अप्रैल के पूर्वार्ध में प्रकाशन प्रभाग के ट्विटर आकाउंट के माध्यम से इस विषय पर एक प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई।

3. **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल, 2020):** 24.04.2020 को माननीय प्रधानमंत्री की पूरे देश के सरपंचों के साथ वार्ता का दूरदर्शन और आकाशवाणी के सभी चैनलों पर प्रसारण किया गया। पीआईबी ने माननीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों के लेखों का पूरे देश में विभिन्न समाचारों पत्रों में प्रकाशन सुनिश्चित किया है।

4. **ओटीटी/वीओडी प्लेटफार्मों के साथ सहभागिता और समझौते:**

एनएफडीसी ने अपने 35 शीर्षकों के गैर-विशिष्ट एसवीओडी समूहन हेतु यूके आधारित एक वितरक और अंशदान आधारित स्ट्रीमिंग ओटीटी सेवा, एमयूबीआई के साथ औपचारिक रूप से एक दूसरा समझौता किया है।

5. **न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय की पहल -**

- **एफएम सेल:**
    - कोविड-19 की वैश्विक महामारी और राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन को देखते हुए, मंत्रालय ने प्राइवेट एफएम रेडियो प्रसारकों को वित्त वर्ष 2020-21 के प्रथम क्वार्टर लाइसेंस शुल्क का भुगतान बिना किसी दंडात्मक ब्याज के जुलाई 2020 में करने की अनुमति दी है।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23073775